गबन — सरकारी खजाने में सेंध, फर्जीवाड़े के जरिए निजी खातों में भेजी गई राशि

# करोड़ों की हेराफेरी में तीन आरोपी गिरफ्तार




**नैनपुर, नवभारत।** जनपद पंचायत नैनपुर में करोड़ों रुपये के सरकारी धन के गबन के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। लंबे समय से चल रही जांच के बाद पुलिस ने इस वित्तीय अनियमितता में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया गया कि जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों के नाम पर आवंटित राशि का दुरुपयोग किया। आरोपियों ने मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेजों और कूटरचित कागजी कार्यवाही के जरिए सरकारी धन को अपने निजी बैंक खातों में स्थानांतरित कर लिया था।

### बैंक खातों से खुली पूरी मामले की परत

पुलिस और संबंधित विभागों की संयुक्त जांच में वित्तीय लेन-देन के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। जांच के दौरान सामने आया कि मामले के मुख्य आरोपी जितेंद्र जंघेला द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खातों में क्रमशः 4 लाख रुपये और 1 लाख 53 हजार रुपये की राशि भेजी गई थी। बैंक स्टेटमेंट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गबन की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

### अन्य संदिग्धों पर भी पुलिस की नजर

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घोटाले से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। सोमवार शाम 4 बजे तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस घोटाले की परतें अभी और खुल सकती हैं। विभाग में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की प्रबल संभावना है।



# 53 हजार से अधिक की अवैध शराब जब्त

▸ रामबाग सकवाह में 450 किलो महुआ लाहन नष्ट, अवैध शराब के अड्डे ध्वस्त




**रामबाग।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को आबकारी विभाग के दल ने ग्राम रामबाग के नर्मदा किनारे कछार और सकवाह में दबिश देकर मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान आबकारी बल ने अवैध ठिकानों से 45 डिब्बे महुआ लाहन जब्त किया। विभाग द्वारा कुल 450 किलो महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही अड्डों से 35 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई है।

बताया गया कि सोमवार को रामबाग सकवाह क्षेत्र में महिलाओं द्वारा अवैध शराब बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए महिलाओं की उपस्थिति में ही एक घर की तलाशी ली और 20 लीटर कच्ची शराब जब्त कर मामला दर्ज किया था। आबकारी विभाग ने बताया कि जब्त की गई मदिरा और लाहन की कुल अनुमानित कीमत 53 हजार 285 रूपए आंकी गई है। विभाग ने ज्ञात और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिए हैं। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुरवा क्षेत्र में निरंतर गश्त की जा रही है।



# ग्रामीणों से की पुराने खातों को अपडेट करने अपील

पंचायत कुड़ेला में अटल पेंशन योजना को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**भुआबिछिया।** ग्राम पंचायत कुडेला में ग्रामीणों के लिए एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों को केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना और विभिन्न जीवन बीमा योजनाओं के लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जानकारों ने बताया कि बचत के साथ भविष्य की सुरक्षा के लिए पेंशन योजना का होना अनिवार्य है। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताया गया कि जिनके पुराने बैंक खातों में उत्तराधिकारी का नाम दर्ज नहीं है, वे नाम दर्ज कराए।

ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे जल्द से जल्द अपने बैंक जाकर खातों में उत्तराधिकारी का नाम अपडेट करवाएं, जिससे भविष्य में बीमा या पेंशन राशि प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कानूनी अड़चन न आए। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से साझा की गई।

# प्रतिनियुक्ति पर आए शिक्षकों का दर्द सुन पसीजा मंत्री का दिल

स्थाई समाधान के लिए प्रमुख सचिव से की चर्चा, 200 शिक्षकों ने संपतिया उइके से लगाई गुहार



**निवास।** शिक्षा विभाग से जनजातीय कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आए मंडला जिले के शिक्षकों ने मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके से मुलाकात कर अपनी पीड़ा साझा की। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डीके सिंगौर के नेतृत्व में पहुंचे 50 से अधिक शिक्षकों ने अपनी सेवाओं को जनजातीय विभाग में ही स्थाई रूप से मर्ज करने की मांग की।

शिक्षकों ने बताया कि वे मूलतः मंडला जिले के निवासी हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति 10 वर्ष पूर्व अन्य जिलों में शिक्षा विभाग में हुई थी। स्थानांतरण नीति न होने के कारण वे प्रतिनियुक्ति के माध्यम से अपने गृह जिले में आए थे। पिछले 6-7 वर्षों से वे यहीं सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण उनकी क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची और उच्च पद प्रभार जैसी प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही हैं। शिक्षकों को हमेशा यह डर सताता रहता है कि उन्हें वापस मूल विभाग (पुराने जिले) में न भेज दिया जाए। शिक्षकों की व्यथा सुनने के बाद मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने तत्काल जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा से फोन पर चर्चा की। प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया कि वर्तमान में किसी को वापस मूल विभाग नहीं भेजा जाएगा, हालांकि विभाग में मर्ज करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी और नई पॉलिसी की आवश्यकता होगी।

### शिक्षकों को भरोसा दिलाया

कैबिनेट मंत्री ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि वे इस गंभीर विषय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्कूल शिक्षा मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री से कैबिनेट बैठक के दौरान चर्चा करेंगी। उन्होंने शिक्षकों से कहा, आप निश्चिंत होकर विद्यालयों में अध्यापन कार्य कराएं, आपकी समस्या का समाधान अवश्य निकलेगा। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिए भोपाल भी आमंत्रित किया है। इस अवसर पर विपिन अग्रवाल, शालिग राम पटेल, पुष्पा झरिया, पूनम सोनी, संदीप कछवाहा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



# चार माह से नहीं मिला गरीबों को राशन

▸ आधा-अधूरा राशन मिलने पर भड़के लोग, सोसायटी से वितरण की मांग



**बबलिया।** नारायणगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत फड़की माल रैयत में राशन वितरण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ के ग्रामीणों को पिछले 4 महीनों से शासन द्वारा मिलने वाला राशन नहीं मिला है, जिससे गरीब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया के प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा सुनाई थी। इसके बाद जनपद अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) निवास और कलेक्टर से शिकायत की। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद फड़कीमाल में कुछ राशन तो पहुँचा, लेकिन वह भी आधा-अधूरा। ग्रामीणों का आरोप है कि अभी भी 2 माह का राशन वितरण नहीं किया गया है, जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है।

**समूह को हटाने की मांग-** विपणन समूह की कार्यप्रणाली से तंग आकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से एक स्वर में मांग की है कि वर्तमान विपणन संघ स्व-सहायता समूह द्वारा राशन वितरण प्रणाली को तत्काल समाप्त किया जाए। ग्रामीणों ने मांग रखी है कि राशन वितरण का कार्य आदिम जाति सेवा सहकारी उचित मूल्य की दुकानों (सोसायटी) के माध्यम से कराया जाए, ताकि उन्हें नियमित और पूर्ण राशन मिल सके। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शेष राशन का वितरण नहीं हुआ और वितरण प्रणाली में सुधार नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**हिरदेनगर।** जिले के एक जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में सुनवाई करते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते एक ही परिवार के कई सदस्यों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। अभियोजन के अनुसार घटना 2 मार्च 2020 की है। ग्राम भपसा निवासी आरोपी उपेन्द्र नंदा 20 वर्ष हाथ में धारदार कुल्हाड़ी लेकर अपने पड़ोसी के घर में अवैध रूप से घुस गया। वहां उसने पुरानी रंजिश को लेकर हत्या के उद्देश्य से फरियादी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी उपेन्द्र नंदा को अलग-अलग धाराओं के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड, 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड। 06 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।





# मां नर्मदा साक्षात सिद्धिदात्री : दिवाकर

▸ कुबेर भंडारी और इंद्रेश्वर महादेव के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**बकौरी।** ग्राम सागर में आयोजित नर्मदा पुराण में इन दिनों आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। बुधवार को कथा के दौरान मां नर्मदा की महिमा और उनके तटों पर स्थित दुर्लभ तीर्थों के रहस्यों से पर्दा उठा। कथा व्यास पंडित दिवाकर शास्त्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि मां नर्मदा साक्षात सिद्धिदात्री हैं। उन्होंने बताया कि नर्मदा तट पर किया गया दान और पूजन अनंत पुण्य फलदायी होता है। पंडित दिवाकर शास्त्री ने बताया कि स्वयं देवी-देवता भी मां नर्मदा की शरण में रहते हैं और उनकी महिमा का वर्णन शब्दों में करना असंभव है।

कथा के दौरान शास्त्री जी ने बताया कि किस प्रकार एक दीप प्रज्वलन के पुण्य से कुबेर को धन का देवता बनने का सौभाग्य मिला। कुबेर ने नर्मदा तट पर कुबेर भंडारी तीर्थ की स्थापना की थी। उन्होंने इंद्र से जुड़ी कथा का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वर्ग के राज्य पद पर सदा बने रहने की कामना से इंद्र ने मां नर्मदा के पावन तट पर जबलपुर स्थित लम्हेता घाट में इंद्रेश्वर महादेव की स्थापना की, जिससे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और इंद्र को सदा स्वर्गाधिपति बने रहने का वरदान प्रदान किया। आज भी उस घाट पर इंद्र के ऐरावत हाथी के पदचिन्ह विद्यमान हैं। कथा व्यास पंडित दिवाकर शास्त्री ने बुद्ध घाट की महिमा बताते हुए कहा कि यहाँ शिव पूजन से शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है और भक्तों को आरोग्य एवं शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा के तट पर 60 करोड़ 67 लाख 313 तीर्थ विद्यमान हैं, जो भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए और मां नर्मदा के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। नर्मदा पुराण आयोजन ग्राम सागर में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।




# बेटी की मौत पर पिता को मिला बीमा राशि का चेक

▸ शाखा प्रबंधक ने की योजना का लाभ लेने की अपील

**बबलिया।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच साबित हो रही है । इसी योजना के तहत बबलिया क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी राजेन्द्र सिंह कुलस्ते को उनकी दिवंगत पुत्री पुष्पलता कुलस्ते के बीमा दावे के रूप में 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। जानकारी अनुसार राजेन्द्र सिंह कुलस्ते की पुत्री पुष्पलता का निधन लगभग 4 माह पूर्व इलाज के दौरान एक बीमारी के कारण हो गया था।

बेटी के असमय निधन के बाद पिता ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बबलिया में बीमा दावा प्रस्तुत किया था। बैंक द्वारा दावे की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बबलिया के प्रबंधक ललित सिंगौर ने हितग्राही राजेन्द्र सिंह कुलस्ते को चेक सौंपते हुए योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बैंक के कार्यालय सहायक हिमांशु परस्ते और बुद्धभूषण निकुंबे उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में यह राशि लाभार्थी को प्रदान की गई।

# जागरूकता रैलियों और प्रतिभा सम्मान के साथ ग्रामीण चेतना को मिली नई दिशा

▸ मोहगांव में ग्राम विकास पखवाड़ा संपन्न, जनभागीदारी से गूंजा विकास का संकल्प




**निवास।** मध्यप्रदेश शासन के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण विकास संस्थान द्वारा आयोजित ग्राम उदय से अभ्युदय अभियान का सफल समापन ग्राम मोहगांव में हुआ। 12 से 26 जनवरी तक चले इस ग्राम विकास पखवाड़े ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और नैतिक चेतना का नया संचार किया है।

पखवाड़े के दौरान ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, गौ संरक्षण, स्वदेशी अभियान और नशा मुक्ति जैसी महत्वपूर्ण रैलियां निकाली गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश दिया गया। जनसंवाद कार्यक्रमों ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ग्राम विकास में सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्षों और सचिवों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते ने कहा कि यह कार्यक्रम गांवों को आत्मनिर्भर और संगठित बनाने की एक दूरदर्शी पहल है। अन्य विशिष्ट अतिथियों ने जोर देकर कहा कि नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाएं नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है।

इस अवसर पर पीसीओ निरंजन खटीक, पेसा समन्वयक सुरेश टेकाम, सरपंच रमेश सैयाम, सुनीता उलाडी, पटवारी आकांक्षा झारिया और सचिव रमेश मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सुव्यवस्थित संचालन और आभार प्रदर्शन के साथ इस गौरवमयी आयोजन का समापन हुआ, जो मोहगांव के सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।